कर्मचारी राज्य बीमा निगम की राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी के संयोजन से यशदा अकादमी, पुणे में निगम के पश्चिम अंचल के वित्त प्रभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु दिनांक 26 अप्रैल व 27 अप्रैल 2023 को 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया |उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यशदा के महानिदेशक श्री एस. चोक्कलिंगम (भा. प्र. से ) के अतिरिक्त कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली के सह निदेशक श्री एम जॉर्ज व उप क्षेत्रीय कार्यालय पुणे के कार्यालय प्रमुख श्री हेमंत कुमार पांडेय मंच पर उपस्थित थे | कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन दिनांक 26 अप्रैल 2023 को मुख्य अतिथि द्वारा किया गया |

अपने सम्बोधन में श्री चोक्कलिंगम ने ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों से नियमों और विनियमों के बारे में ज्ञान प्राप्त करके व्यवस्था, विभाग और लोगों की सेवा के लिए अपरिहार्य बनने का आग्रह किया | उन्होंने यह भी कहा कि नियमों से परे जाना और लोगों के जीवन को आसान बनाना महत्वपूर्ण है। हमें इस बात पर मनन करना चाहिए कि ज्ञान प्राप्त कर हम कैसे व्यवस्था में बदलाव लाते हुए दूसरों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं |

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में पश्चिम अंचल में स्थित राज्यों जैसे - महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा और राजस्थान से लगभग 56 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की |

व्याख्याताओं के रूप में निगम से ही वित्त विभाग के ज्ञानी एवं अनुभवी अधिकारी आमंत्रित थे जिनमें निगम मुख्यालय, नई दिल्ली से संयुक्त निदेशक श्री एम. जॉर्ज, उप क्षेत्रीय कार्यालय, सूरत के कार्यालय प्रमुख श्री दीपक मलिक, उप क्षेत्रीय कार्यालय पुणे के कार्यालय प्रमुख श्री हेमंत कुमार पांडेय, उप क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के कार्यालय प्रमुख श्री राजीव लाल, मुख्यालय, नई दिल्ली से उप निदेशक श्री राकेश चौहान, क्षेत्रीय कार्यालय, कर्नाटक से उप निदेशक (वित्त) श्री सुनील महतो सम्मिलित हुए | इन व्याख्याताओं ने निगम में वित्त विभाग से सम्बंधित विभिन्न व विविध विषयों पर व्याख्यान दिए | साथ ही, ओपन सेशन में प्रतिभागियों के सभी प्रश्नों का निवारण किया गया |

प्रशिक्षण का समापन दिनांक 27 अप्रैल को हुआ | कार्यक्रम के औपचारिक समापन के दौरान श्री पांडेय ने व्याख्याताओं, प्रतिभागियों व कार्यक्रम से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा यह आशा जताई कि प्रतिभागी प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त हुई जानकारी का कार्यालयीन कार्यों में बेहतर तरीके से उपयोग करेंगे |